(ग) यह सुनिश्चित करने के लिए की रुई उत्पादकों को उ के उत्पाद का उपयुक्त मूल्य मिले, सरकार क्या कदम उठाने का विचार रखती है ?

वस्त्र मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री अशोक गहलोत) : (क) देश में कुछ कपास उपजकर्ता विपणन संघों ने चालू कपास मौसम के दौरान कपास के निर्यात के लिए और अधिक कोटे जारी करने का अनुरोध किया है।

(ख) चालू मौसम के दौरान किसी भी राज्य कपास उपजकर्ता संघ को कपास के निर्यात के लिये कोटे जारी नहीं किये गये हैं । महाराष्ट्र और गुजरात कपास उपजकर्ता विपणन संघों ने क्रमशः कपास की 2 लाख और 1 लाख गांठों के निर्यात कोटों के आवंटन के लिए अनुरोध किया है।

(ग) कपास की कीमतें सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम समर्थन मूल्यों से काफी अधिक हैं और ये पिछले वर्ष के मूल्य स्तर से अधिक है। सरकार ने नवम्बर, 1991 के महीने में निर्यात के लिये बंगाल देशी कपास की 1 लाख गांठों को रिलीज किया था हाल ही में सरकार ने सी सी आई को कुछ पड़ोसी देशों जैसे नेपाल, बगला देश और श्रीलंका की 30,000 गाठों तक कपास की आवश्यकताओं को पूरा करने की अनुमति दी है।

इस संबंध में सरकार कपास उपजकर्ता विपणन संघों से निरन्तर सम्पर्क बनाए हुए है।

बाहरी देशों से साड़ियों के आर्डर

1070. **चौधरी हरि सिंह** : क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) उन बाहरी देशों के नाम क्या हैं जिनमें हथकरघे और विद्युतकरघे पर बनी भारतीय साड़ियों की काफी मांग है ;

(ख) क्या कतिपय बाहरी देशों ने केन्द्रीय सरकार को उत्तम किस्म की साड़ियां तैयार करने के आर्डर दिए थे ; और

(ग) यदि हां, तो इन आर्डरों का बाजार मूल्य कितना था ?

वस्त्र मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री अशोक गहलोत) : (क) भारतीय साड़ियों की अधिकांशतः मांग यू०एस०ए०, यू०के०; यू०ए० ई०, कनाडा, सिंगापुर, मारीशस, मलेशिया, सऊदी अरब और श्री लंका में है।

(ख) जी, नहीं ।

(ग) प्रश्न नहीं उठता ।

कटिहार पटसन मिल का पुनः चालू किया जाना

1071. **श्री सत्य प्रकाश मालवीय** : क्या वस्त्र मंत्री 25 नवम्बर, 1991 को राज्य सभा में अतारांकित प्रश्न 235 के दिए गए उत्तर को देखेंगे और यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि कटिहार (बिहार) स्थित पटसन मिल अभी भी बंद पड़ी है ;

(ख) यदि हां, तो इसे पुनः चालू करने के लिए सरकार क्या कार्यवाही कर रही है और इस बारे में सरकार के सामने क्या-क्या कठिनाइयां पेश आ रही हैं ; और

(ग) इसे कब तक पुनः चालू किए जाने की संभावना है ?

वस्त्र मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री अशोक गहलोत) : (क) जी हां ।